हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–143 : जौनपुर, सोमवार 25 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी आदित्यनाथ कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने पहुंचे पुरा महादेव

बागपत ब्यूरो : सीएम योगी आदित्यनाथ आज बागपत के सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह के साथ पुरा महादेव पहुंचकर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। वह पुरा महादेव के सभी मार्गों पर भक्तों और कांवड़ियों पर फूल बरसाएंगे। इसके बाद वह मेरठ में औघड़नाथ मंदिर व एनएच–58 सिवायाटोल प्लाजा, मोदीपुरम पर कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे और फिर मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों पर फूल बरसाएंगे। बता दें कि बागपत के पुरा महादेव में सोमवार से चार दिवसीय श्रावणी मेला शुरू हो गया। कोरोना काल के बाद पहली बार मेला लग रहा है। इसलिए वहां 20 लाख से ज्यादा कांवड़ियों के पहुंचने की संभावना है। इस बार जहां हेलिकॉप्टर से निगरानी होगी तो एटीएस की टीम भी पहली बार तैनात रहेगी, जो यहां आज पहुंच गई है इसके अलावा भी मेले के लिए सुरक्षा से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर कर दी गई हैं। जिले में कांवड़ियों के पहुंचने से हाईवे से लेकर पुरा महादेव मंदिर तक क्षेत्र केसरिया रंग में रंग गया है। हरिद्वार व गोमुख से गंगाजल लेकर शिव भक्त पुरा के परशुरामेश्वर मंदिर पहुंचने शुरू हो गए हैं। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर और मेला परिसर में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रविवार को लगभग दस हजार कांवड़ियों और क्षेत्र व आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सोमवार को मंदिर में और अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कोरोना के कारण पिछले दो साल से बागपत के प्रसिद्ध परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर कड़े नियम बनाए गए थे। इसके साथ ही पुरा महादेव में मेले पर रोक लगाई हुई थी। इस बार यात्रा और जलाभिषेक पर कोई पाबंदी नहीं है। श्रावणी मेला भी सोमवार से शुरू गया। परशुरामेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए रोजाना कांवड़िये और श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लग रहा है कि कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की संख्या इस बार रिकॉर्ड तोड़ रहेगी। उनके अनुसार 26 जुलाई को शाम 6:48 बजे पर झंडारोहण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा एक दूसरा हेलीकॉप्टर कुछ ही देर में मेरठ पुलिस लाइन पहुंचने वाला है। यहां से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कांवड़ मार्ग पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने निकलेंगे। साथ ही सीएम योगी हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। मेरठ से कमिश्नर सुरेंद्र सिंह, एडीजी राजीव सभरवाल व आईजी प्रवीण कुमार समेत पुलिस व



प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद हैं। पुष्प वर्षा के लिए पूरी तैयारी कर ली गई हैं। हेलिकॉप्टर से होगी निगरानी, 20 लाख श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक पुरा महादेव में सोमवार से चार दिवसीय श्रावणी मेला शुरू गया। यहां पर 20 लाख से ज्यादा कांवड़ियों के पहुंचने की संभावना है। इस बार में मेले में हेलिकॉप्टर से निगरानी होगी व कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। मंगलवार शाम 6रू48 बजे से झंडा पूजन और चतुर्दशी का जल चढ़ना शुरू होगा। सुरक्षा के लिए एटीएस की टीम भी पहली बार तैनात रहेगी। 200 आईपी कैमरों के सहारे पुलिस कर्मियों से अधिकारी बात कर सकेंगे। इस बार सात जोन व 26 सेक्टर बनाए गए हैं। एक हजार पुलिस एवं पीएसी कर्मियों को तैनात किया गया है। बालैनी–पुरा मार्ग और पुरा–बुढ़सैनी मार्ग पर लगाए बैरियर मेले में जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए मंदिर पहुंचने वाले तीनों रास्तों पर बैरियर लगा दिए हैं। बैरियर से आगे वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। पास होने पर ही वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी जा रही है। परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में वाहनों के आने पर प्रतिबंध रहेगा। पुरा–बालैनी मार्ग पर गोशाला के पास, हिंडन पुल और पुरा–बुढ़सैनी मार्ग पर बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। बैरियर से आगे किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं रहेगी। बैरियर से आगे जाने के लिए वाहन पास की अनिवार्यता रखी गई है। बिना पास के किसी भी वाहन को प्रवेश देने पर पाबंदी रहेगी। एसपी नीरज कुमार जादौन ने मेला ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने और बैरियर से आगे बिना पास के किसी भी वाहन को प्रवेश न देने के निर्देश दिए हैं। 200 आईपी कैमरों के सहारे पुलिस कर्मियों से अधिकारी बात कर सकेंगे परशुरामेश्वर महादेव मंदिर के अंदर और आसपास 200 आईपी कैमरे लगवाए गए हैं, जो पहली बार लगे हैं। इन कैमरों के आईपी एड्रेस जिस–जिस अधिकारी के पास होंगे, वह कैमरों के सहारे पुलिस व अन्य सुरक्षा कर्मियों से अपने मोबाइल से बात कर सकेंगे। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि यह व्यवस्था पहली बार की गई है। यह सब कुछ भी पहली बार हुआ कांवड़ यात्रा में भीड़ को देखते हुए इस बार बरनावा से गल्हैता तक वन मार्ग को बेहतर करने के साथ ही मचान बनवाए गए हैं। बाइक एंबुलेंस चलाई गई है तो गुफा मंदिर के बाहर व पुरा महादेव में बैरिकेडिंग को अलग तरीके से लगवाया गया है। पुरा महादेव में एक कंट्रोल रूम बाहर भी बनाया गया है तो इस बार सात जोन व 26 सेक्टर बनाए गए हैं।

## थाना बदलापुर पुलिस ने मो0सा0 चोरों का पर्दाफाश : एक कबाड़ी व शातिर मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे वाहन चोरो के विरूध्द सघन अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी बदलापुर, श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण मे मुझ प्र0नि0 योगेन्द्र सिंह द्वारा मय हमराही कर्मचारीगणों के साथ फुट पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध वाहनध्व्यक्ति की सघन चेकिंग करते हुए पीली नदी ग्राम शाहपुर के पास उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी घनश्यामपुर मय हमराही के साथ संयुक्त रुप से चेकिंग की जा रही थी कि एक व्यक्ति पैशन प्रो मोटरसायकिल सवार बिना नम्बर की चेकिंग की गयी तो चोरी की मोटरसायकिल होना पाया गया, पूछताछ के क्रम मे ज्ञात हुआ यह व्यक्ति उपेन्द्र कुमार पुत्र रामकेवल नि0ग्रा0 दुगौली खुर्द थाना बदलापुर मोटरसायकिल चोरी करके कबाडी महेन्द्र यादव पुत्र राजमणि नि0 सरायगुंजा थाना बदलापुर जो विभिन्न क्षेत्रो से मोटरसायकिल चोरी करवाता है। इस सूचना पर मै प्र0नि0 मय हमराह के गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए बटाऊबीर कबाडी महेन्द्र यादव के गोदाम पर दबिश दिया गया जहा पर भारी मात्रा मे चोरी के मोटरसायकिल के पार्ट, 02 मोटरसायकिल इंजन, 09 मोटरसायिकल चेचिस व 06 मोटरसायकिल बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो को हिरासत व माल को कब्जा पुलिस लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1–उपेन्द्र कुमार पुत्र रामकेवल नि0 ग्राम दुगौली खुर्द




थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2– महेन्द्र यादव पुत्र राजमणि यादव नि0ग्राम सरायगुंजा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1– होरो होन्डा स्पलेन्डर मोटरसायकिल चेचिस नं0 02I2034761। 2– टीबीएस स्टार सिटी मो0सा0 चेचिस न0 MD625MF14A3H34935 3– बजाज कावासाकी बाक्सर चेचिस नं0 BJB15752 4– हीरो सीडी डीलक्स चेचिस नं0 MBLHA112HA9D14814 5– सुपर स्पेलण्डर चेचिस न0 MBLJA05EME9E04165, 6– हीरो पैशन प्रो चेचिस नं0 MBLHAR181HHD22557 7– 02 इंजन नम्बर खुर्चा 8– 09 कटी हुई चेचिसे नंबर खुर्चा हुआ 9– 12 पहिया मय टायर मय रिम, 10– 06 रिम बिना टायर मो0सा0 व भारी मात्रा मे मोटरसायकिल के पार्ट गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1–प्र0नि0 योगेन्द्र सिंह, थाना बदलापुर जौनपुर। 2–उ0नि0 अनिल कुमार प्र0चौ0 घनश्यामपुर, थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद, थाना बदलापुर, जौनपुर। 4–का0 अरबिंद मिश्रा, का0 कुलदीप कुमार, का0 शरद, का0 विपिन यादव, का0 आशुतोष तिवारी, का0 योगेश कुमार, का0 दीपक मौर्या, का0 अजीत यादव, थाना बदलापुर, जौनपुर।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति पद की ली शपथ : देश को मिली दूसरी महिला राष्ट्रपति

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 26 जनवरी 1950 को शपथ ली थी। 1952 में उन्होंने पहला राष्ट्रपति चुनाव जीता। राजेंद्र प्रसाद ने दूसरा राष्ट्रपति चुनाव भी जीता



और मई 1962 तक इस पद पर रहे। सांसदों और सभी विधानसभा सदस्यों का हार्दिक आभाररू राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर निर्वाचित करने के लिए मैं सभी सांसदों और सभी विधानसभा सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। आपका मत देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास की अभिव्यक्ति है।

## मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास की तलाश में कई जगह छापेमारी : गैर जमानती वारंट हो चुका है जारी

लखनऊ ब्यूरो : माफिया व मऊ सदर के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में लखनऊ कमिश्नरेट की पुलिस ने पांच ठिकानों पर दबिश दी लेकिन आरोपी अब्बास हाथ नहीं लगा। उसके खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अब्बास मऊ सदर सीट से सुभासपा से विधायक है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के मुताबिक पुलिस टीम ने लखनऊ में मेट्रो सिटी महानगर और न्यू विधायक आवास हजरतगंज, मऊ, गाजीपुर और दिल्ली में उसके ठिकानों पर दबिश दी लेकिन वह फरार है। पुलिस के मुताबिक मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ 2019 में महानगर थाने में जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि एक लाइसेंस पर कई हथियार खरीदे गए हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष श्रीवास्तव की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने थाना महानगर को आदेश दिया कि वह आरोपी अब्बास अंसारी को 27 जुलाई तक गिरफ्तार करके कोर्ट को सूचित करें । कोर्ट ने यह आदेश 15 जुलाई को दिया था। इंस्पेक्टर महानगर ने कोर्ट में रिपोर्ट देकर बताया कि अब्बास के खिलाफ जमानती वारंट जारी है। जिसका अनुपालन कराने के लिए आरोपी के सभी ज्ञात और संभावित स्थानों पर तलाशने गए लेकिन आरोपी या उसके परिवार का कोई सदस्य नहीं मिला लिहाजा नोटिस को चस्पा कर दिया गया है। कोर्ट से गुजारिश की गई है कि आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए। महानगर थानाप्रभारी अशोक कुमार सिंह ने 12 अक्तूबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेट्रो सिटी निवासी अब्बास अंसारी ने 2012 में डीबीडीएल गन का लाइसेंस लिया था। बाद में अब्बास ने अपना शस्त्र लाइसेंस दिल्ली के पते पर स्थानांतरित करवा लिया था। कहा गया कि अब्बास ने खुद को विख्यात निशानेबाज दिखाकर दिल्ली वाले शस्त्र लाइसेंस पर कई शस्त्र खरीद लिए। रिपोर्ट में कहा गया कि आरोपी ने लखनऊ पुलिस को बिना जानकारी दिए और अनुमति लिए धोखाधड़ी कर लाइसेंस को दिल्ली स्थानांतरित करवाया और उस पर कई हथियार लिए।

## अपराधी का बर्थडे मनाने पर एसओ संग 6 लाइन हाजिर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विशुनपुरा थाने में रविवार को आपराधिक प्रवृति के एक युवक का बर्थडे मनाना पुलिसर्किमयों को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने पर एसपी धवल जायसवाल ने देर शाम थानाध्यक्ष समेत छह पुलिसर्किमयों को लाइनहाजिर कर दिया। दोपहर में कुछ स्थानीय युवकों और पुलिसर्किमयों ने आपराधिक प्रवृति के एक युवक का बर्थडे मनाया। उस युवक पर थाने में मुकदमा दर्ज है और गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई भी हो चुकी है। एसपी ने थानाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल धनंजय राय, कांस्टेबल लकी, नरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार और विनोद चौहान को लाइनहाजिर कर दिया।

## स्मृति शेष कवयित्री गीता श्रीवास्तव को भावांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कोशिश की मासिक काव्य गोष्ठी 24 जुलाई शाम जज कॉलोनी में वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश के आवास पर सम्पन्न हुई!जौनपुर के प्रख्यात शायर प्रेम जौनपुरी जी अध्यक्ष व मुख्य अतिथि अब्बास अहसास व विशिष्ट अतिथि अहमद निसार रहे!प्रो आर एन सिंह ने गीता श्रीवास्तव




जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनकी पंक्तियों –जिनकों कंधों पर हमने उछाले कभी, वे भी कंधा मेरा आजमाने लगे।उन्हे याद करते हुए अहमद निसार ने कहा–हर कलमकार कसीदा नहीं लिखता लेकिन, हर कलमकार ने लिक्खा है कसीदा दिल का,वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश जी का मुक्तक– मेरी बीमारियों में रात भर सोई नहीं अम्मा मुसीबत से लड़ी पर धैर्य को खोई नहीं अम्मा!!हमेशा देती थी साहस, छिपा ले ती थी आंसू को, कभी बच्चों के अपने सामने रोई नहीं अम्मा। श्रोताओं को भाव विभोर कर गया। जनार्दन अस्थाना का गीत ̧अपने बड़ों के प्यार का होता था आचमन, कितना हसीन हमारा प्यारा बालपन।। बचपन के खुशनुमा दिनों की याद करा गया। प्रखर की रचना ̧भगत सिंह मरा नहीं, हर नवजवान में जिंदा है। राष्ट्रप्रेम की अलख जगा दिया। डॉक्टर पी सी विश्वकर्मा का शेर ̧गम नही तेरी दोस्ती न मिली, गम है वजहे दुश्मनी न मिली। रामजीत मिश्र की रचना ̧अभी तक हौसला हारे नहीं हैं, आशा का संदेश दे गई। गोष्ठी में आर पी सोनकर, अंसार जौनपुरी, एहसास जौनपुरी, नंदलाल समीर, अनिल उपाध्याय, अमृत प्रकाश, सुशील दुबे, फूल चंद भारती, डॉक्टर विमला सिंह, दमयंती सिंह, रमेश सेठ, सुमति श्रीवास्तव, आलोक रंजन, रूपेश साथी, शोहरत जौनपुरी, सुरेंद्र यादव, संजय सेठ जेब्रा ,विपिनेश श्रीवास्तव, मोनिस जौनपुरी, लल्लन उपाध्याय, संजय उपाध्याय, ज्ञान जी ने अपनी कृतियों से भावांजलि अर्पित की। कुमार अंकित श्रीवास्तव ने रचनाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन अशोक मिश्र ने किया।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.07.2022 को अपराह्न 12.35 बजे जौनपुर–आजमगढ़ हाइवे मार्ग पर बहद ग्राम इकरामगंज से एक शातिर अभियुक्त दीपक राजभर पुत्र मेवालाल राजभर निवासी गौरा डिहवा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को उसके पास से चोरी की मोटर साइकिल व एक तमन्चा.315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर सहित इकरामगंज बाईपास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0स0 119/2022 धारा 411/413 भा0द0वि0 व मु0अ0स0 120/22 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–1.दीपक राजभर पुत्र मेवालाल राजभर निवासी गौरा डिहवा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र 19 वर्ष पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0स0 119/2022 धारा 411/413 भा0द0वि0 थाना



गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2.मु0अ0स0 120/22 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी– 1.एक मोटर साइकिल पैशन प्रो रंग लाल इजन नम्बर HA10ED9GH14766 चेचिस न0 MBLHA10ER9GH15011 2.एक तमन्चा व एक कारतूस .315 बोर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.ट विक्रम लक्ष्मण सिंह थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर।2.उ0नि0 श्री रामशंकर पाण्डेय, थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर।3.उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय, थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 4.का0 विजय कुमार यादव, का0 अमित कुमार यादव, का0 विनोद कुमार पाल, का0 काशीनाथ यादव, का0 धीरज कुमार सरोज हे0का0 अश्वनी कुमार राय थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर।

## टीडीएमसी स्कूल में हुआ होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान : शत प्रतिशत रहा परिणाम

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : धर्मापुर स्थित, तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज राजेपुर, जौनपुर का सी.बी.एस.ई. परिणाम शत प्रतिशत रहा। वर्ष 2021–22 की सी.बी.एस.ई. बोर्ड की दसवीं कक्षा में स्कूल के 27 बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा सभी छात्र उत्तीर्ण रहे। 92% अंक के साथ स्कूल की छात्रा अनुपमा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 90% अंक के साथ श्रेया राय द्वितीय व 85% अंक के साथ प्रज्वल पांडे तृतीय स्थान पर रहे। 27 छात्रों में 23 ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किया जिसमें 14 बच्चों ने 70% से अधिक अंक अर्जित किया। कोई भी छात्र अनुत्तीर्ण नहीं हुआ। स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर (कैप्टन) इंद्रजीत सिंह ने कहा यह हमारे 10 वर्षों के अथक परिश्रम का परिणाम है कि हमारे पहले बैच का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल के प्रबंधक श्री दिलीप सिंह ने कहा हमारे 10 साल बेमिसाल थे। हमारी 10 वर्षों की अद्भुत यात्रा का परिणाम अभूतपूर्व रहा वहीं स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा हमारी मेहनत ने सफलता का परचम लहरा दिया तथा इसका श्रेय स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं को जाता है। एक सादे समारोह में सभी



बच्चों को माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर बच्चों को अच्छे परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य प्रदीप सिंह व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
समय ही जीवन है, समय को बर्बाद करना अपनें जीवन को बर्बाद करनें के समान है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# द्रौपदी मुर्मू का शपथग्रहण और लोकतंत्र का नया अध्याय

आज से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का नया अध्याय शुरू होता है। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और उनका लालन–पालन भी एक कच्चे घर में हुआ, जिसकी छत से पानी टपकता था।

आज नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में संसद के सेंट्रल हॉल में शपथ ग्रहण करेंगी। हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति के निर्वाचन की प्रक्रिया एक मील का पत्थर है। भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और इसमें क्षेत्रीय, भाषायी और धार्मिक विविधता है। यह भारतीय संविधान की दूरदृष्टि को ही दर्शाता है कि आजादी के 75वें साल में भी देश की सांविधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर उस अंतिम व्यक्तिध्महिला के कल्याण को अपनी दृष्टि में रखती है, जिसके हित के लिए संविधान बना। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति चुना जाना इस दृष्टिकोण से एक अभूतपूर्व लोकतांत्रिक कामयाबी है। वह एक ऐसे समाज और परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जिसकी पृष्ठभूमि श्रमकर्मी की है। यह शायद भारत में ही संभव है कि ऐसे वंचित सामाजिक व आर्थिक पृष्ठभूमि की महिला भी शीर्ष पद पर पहुंच सकीं।

आज से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का नया अध्याय शुरू होता है। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और उनका लालन–पालन भी एक कच्चे घर में हुआ, जिसकी छत से पानी टपकता था। वह वकालत की पढ़ाई के उपरांत हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बने। फिर वह राज्यसभा सदस्य बने और बिहार के राज्यपाल भी। लोकसभा के सेंट्रल हॉल में विदाई भाषण में उन्होंने अपनी इस लंबी जीवन यात्रा का तो वर्णन किया ही, सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं का भी विस्तृत ब्योरा दिया, जिसमें अंतिम व्यक्ति के रोजमर्रा के जीवन की कठिनाइयों को हल करने की बातें सोची गई हैं। हर घर नल से पानी पहुंचाने का सपना, स्वच्छ भारत का सपना, और लड़कियों के पढ़ने और आगे बढ़ने की बात पर उन्होंने विशेष बल दिया।

लगभग इसी सोच के तहत द्रौपदी मुर्मू का प्रथम आदिवासी और प्रथम आदिवासी महिला के रूप में राष्ट्रपति चुना जाना भारत में लोकतंत्र की परिपक्वता को दर्शाता है। इस शीर्ष पद के लिए मुर्मू की दावेदारी ऐसी रही कि भाजपा के सहयोगी दलों की बात तो छोड़ दीजिए, भाजपा के प्रतिस्पर्धी दल के नेता भी उनका समर्थन कर बैठे। ओडिशा के नवीन पटनायक ने सबसे पहले उनके समर्थन की घोषणा की। उनके बीजू जनता दल के साझा सरकार में द्रौपदी मुर्मू मंत्री रहीं और कुशल कार्यकलाप के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था। बीजू जनता दल के सांसदों ने द्रौपदी मुर्मू को ओडिशा की बेटी बतलाया, तो पड़ोसी राज्य झारखंड में भी उनकी दावेदारी से खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस की साझा सरकार है, और इस गठबंधन ने 2019 में भाजपा को चुनाव में शिकस्त दी थी। लेकिन मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रहीं और उनके कुशल नेतृत्व का ही नतीजा था कि उन के नाम पर इस छोटे से राज्य में भी सर्वदलीय सहमति बनी।

राज्यपाल रहते हुए उन्होंने तटस्थ भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन किया और राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासी संरक्षण एवं स्वायत्तता के सांविधानिक प्रावधानों पर अपनी पैनी निगाह बनाए रखी। नतीजा यह हुआ कि बतौर राज्यपाल उन्हें लोकहित संरक्षक और आदिवासी समाज के हित के अगुआ के रूप में स्वीकार किया गया। उनके राष्ट्रपति बनने से आदिवासियों के जीवन में कितना बदलाव आएगा, यह तो देखने वाली बात होगी, लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि आदिवासियों के हितों की वह संरक्षक जरूर बनेंगी। इसके अलावा उनके राष्ट्रपति बनने से आदिवासी समाज में अपने राजनीतिक महत्व का संचार तो हुआ ही है। श्रीमती मुर्मू की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी अत्यंत साधारण ही है। अपने जीवन के शुरुआती दौर में उन्होंने स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम किया, फिर राजनीति में आईं और विधायक का चुनाव लड़कर जीतीं तथा हमेशा सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं। निजी जीवन में उन्हें कई झटके भी लगे। उनके पति और पुत्र, दोनों का असामयिक निधन हो गया, लेकिन उन्होंने न सिर्फ अपने गांव में स्कूल का संचालन किया, बल्कि सामाजिक जीवन से जुड़कर निजी दुख का दरिया पार करने का फैसला किया। यानी निजी जीवन के दुख के बावजूद वह समाज और लोककल्याण के कार्यों में लगी रहीं।

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी, जहां आदिवासियों की संख्या ज्यादा है, इन्हें व्यापक समर्थन मिला और इनके जीतने से जो माहौल बना है, उसमें स्पष्ट है कि अब तक सामाजिक और आर्थिक हाशिये पर रहा आदिवासी समाज अब भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में है। जल, जंगल और जमीन के निकट रहने वाला यह समाज अपनी रोजी–रोटी और जीवन–यापन के लिए जंगल पर ही निर्भर है। तेंदू पत्ते इकट्ठा करना, रस्सी बुनना, लकड़ी बीनना, और वनोपज पर आश्रित रहने वाला आदिवासी समाज प्रकृति का सबसे बड़ा संरक्षक रहा है। लेकिन अगर स्वास्थ्य सूचकांकों को देखें, तो आदिवासी बच्चों में कुपोषण भी सबसे ज्यादा है। भूख की समस्या भी इस समाज की सबसे बड़ी चुनौती है। आदिवासी समाज से शायद ही कोई बहुत बड़ा उद्योगपति बन सका हो। ऐसे में आदिवासी कल्याण के लिए सांविधानिक प्रावधानों का बहुत विशेष महत्व बन गया है। राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में भी आदिवासी समाज के लिए आरक्षण की व्यवस्था है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है आदिवासी समाज की राजनीतिक भागीदारी।

चुनाव की प्रक्रिया से ही वे विधानसभा और संसद के लिए चुने जाते हैं और अन्य प्रतिनिधियों के साथ मिलते–जुलते हैं। हमारे देश की चुनावी प्रक्रिया इतनी अनूठी है कि शीर्ष पद पर पहुंचने का आदिवासी समाज का सपना भी साकार हो रहा है। जिनकी आर्थिक क्षमता कम हो और विषमताएं ज्यादा हों, उनके लिए जल, जंगल और जमीन के संघर्ष से उबरकर राष्ट्रपति भवन तक पहुंचना कठिन होता है। लेकिन द्रौपदी मुर्मू के चुने जाने से खेत–खलिहान से लेकर पहाड़ और जंगल तक इस आशा का संचार हुआ है कि साधारण जीवन जीकर भी राष्ट्र के उच्च नेतृत्व का मार्ग तय करना संभव है। उनके नामांकन से लेकर चयन तक भाजपा ने यह दिखाया है कि कतार की अंतिम महिला का सपना उसकी राजनीतिक सोच में निहित है और राष्ट्र निर्माण का सपना भारतीय विविधता में अंकित है। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले दिनों में आदिवासी समाज के बच्चों और महिलाओं की समस्याओं की चर्चा भारत की सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का अंग बनेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## मनरेगा मजदूरी का भुगतान रोजगार सेवक द्वारा ऐप से किए जाने के मामले में की गई कार्यवाही

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : निचलौल क्षेत्र के ग्राम पचमा में मनरेगा मजदूरी का भुगतान रोजगार सेवक द्वारा ऐप से किए जाने के मामले में कार्रवाई हुई है। मिठौरा ब्लॉक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की तहरीर पररविवार को पुलिस ने रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ केस दर्ज किया है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मिठौरा शिवप्रकाश सिंह द्वारा निचलौल पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि ग्राम पचमा में मनरेगा मजदूरी भुगतान में की गई गड़बड़ी की शिकायत की जांच चार सदस्यीय कमेटी ने की थी। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने यह दर्शाया था कि ग्राम पचमा के रोजगार सेवक खुशबुद्दीन द्वारा मनरेगा मजदूरों की मजदूरी को पे नियर ऐप से फिंगर खुद लगवाकर आधार कार्ड से किया गया है जो कि गलत है। यह ऐप रोजगार सेवक के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बरोहिया के खाता से लिंक है। जबकि नियमानुसार मनरेगा की मजदूरी को मजदूर के बैंक खाता में भेजना चाहिए। रोजगार सेवक ने पे नियर ऐप का रजिस्ट्रेशन वर्ष 2021 में कराया था और नवंबर 2021 के बाद कोई भुगतान नहीं कराया गया है। जांच के दौरान कुछ मजदूरों ने बयान किया था कि इन्हें रोजगार सेवक ने अपने घर बुलाकर मजदूरी देने की जगह 400 से 500 रुपये पारितोषिक देकर लौटा दिया। इस बात की सहमति रोजगार सेवक द्वारा भी कमेटी के समक्ष दिया गया था। ऐसे में मजदूरी भुगतान में अनियमितता को लेकर रोजगार सेवक दोषी पाया गया और इसके पर्यवेक्षण में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव द्वारा लापरवाही बरती गई थी।

## हिस्ट्रीशीटर की छेड़खानी से परेशान किशोरी ने दी जान : पोस्टमार्टम रिपोर्ट देख दंग हुए लोग

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पिपराइच इलाके के एक गांव में हिस्ट्रीशीटर की छेड़खानी से परेशान 13 वर्षीय किशोरी ने रविवार सुबह फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से लटककर जान देने की पुष्टि हुई है। पीएम रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि किशोरी गर्भवती थी।उधार, किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर अच्छेलाल के खिलाफ नाबालिग को खुदकुशी के लिए उकसाने, छेड़खानी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पहले शिकायत नहीं मिली थी।किशोरी की मां के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटर करीब एक महीने से परेशान कर रहा था। स्कूल आते–जाते छींटाकशी करता था। उसकी हरकतों से बेटी परेशान थी। उसे सब ठीक होने का भरोसा दिलाया और समझाया भी था, लेकिन वह छेड़खानी से त्रस्त और आहत थी। परिवार के सदस्य रविवार को घर से बाहर गए थे। बेटी घर में अकेली थी। इसी बीच फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घर लौटने पर मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के आने पर शव पंखे से उतारा गया।

## ग्राम प्रधान और सचिव मिलकर बिना सामग्री खरीदे ही लगाकर विल वाउचर काट रहे मलाई

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : विद्वान कवि ने कहा है –

जाइ का करिहौ राजधानी मां।
मजा मारौ हिअइ प्रधानी मा।

यह पंक्तियां जनपद सीतापुर के विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत मझगवां में चरितार्थ हो रही हैं। ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च करके पंचायत भवन का निर्माण हुआ है। उसी पंचायत भवन में सरकार की मनसा के अनुसार प्रति ग्राम पंचायत में पुस्तकालय की स्थापना के उद्देश्य पुस्तकालय का भी निर्माण हो गया। पुस्तकालय के निर्माण में घोर लापरवाही बरती गई पंचायत भवन में ही पुस्तकालय साइन बोर्ड, तीन दिखाए गए हैं। जिस पर दिनांक 12/ 5/22 को वाल पेंटिंग हेतु रु8250 निकाले गए। पंचायत भवन से लेकर के पुस्तकालय के उपयोग हेतु तत्कालीन सचिव लक्ष्मण तिवारी के निर्देशन में कुर्सी मेज और अलमारी तीन बार खरीदी गई हैं। दिनांक 22/10/ 21 को 5 T H से कुर्सी मेज अलमारी का 19900 बिल वाउचर है। दिनांक 23/1/ 22 को चेयर टेबल हेतु 51000 खर्च किए गए हैं। दिनांक 24/5/ 22 को फिफत स्टेट से पुस्तकालय की कुर्सी मेज अलमारी हेतु 61269 रूपए खर्च किए गए हैं। इस प्रकार पंचायत भवन और पुस्तकालय में कुर्सी मेज अलमारी हेतु मात्र 1,32,159 रुपए का खर्च दिखाया गया है। मौजूदा स्थिति में लगभग 40 कुर्सी चार से पांच मेज 2से3 अलमारी दिखाई दे रही हैं। इस विषय में तत्कालीन पंचायत सचिव लक्ष्मण तिवारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि पुस्तकें वहा पहुंच गई थी। जबकि प्रधान ने कहा कि पुस्तकें नहीं हैं। मेरे द्वारा जब प्रधान की बात पुस्तके न होने की कही गयी तब सचिव ने प्रधान से बात कर लेने की बात कही। और जलेबी कि तरह गोल–गोल घुमाते रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता हेतु आम जन की सहभागिता जरूरी – सौरभ मिश्र

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान संबंधी बैठक गंगा नगर कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है आजादी के 75 वर्ष का अवसर देश की वर्तमान युवा पीढ़ी को अमृत की तरह प्राप्त हो रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2023 तक चलेगा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान क्रांति दिवस 9 अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्वयं एवं समाज के सहयोग से घर घर तिरंगा लगवाने का कार्य करेंगे यह कार्यक्रम मात्र भारतीय जनता पार्टी का ना होकर पूरे राष्ट्र का कार्यक्रम है अतः इस अभियान में राजनीति से परे उठकर समाज के सभी लोगों को सहभागिता करनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा आज की बैठक एक ऐतिहासिक दिन पर हो रही है आज आजादी के 75 वर्ष पर पहली बार गरीब जनजाति के परिवार में जन्म लेकर तमाम कठिनाइयों से जूझते हुए उन्हें पारकर द्रौपदी मुर्मू जी ने भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। यह भारत के महान लोकतंत्र यात्रा में मील का पत्थर है। ऐसा विश्वास है द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति बनना भारतीय समाज में वंचित समाज को सभी के बराबर लाने का कार्य करेगा। अपने अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने कहा हर घर तिरंगा अभियान की योजना के अंतर्गत 9 अगस्त से 11 अगस्त तक अभियान का प्रचार प्रसार तिरंगा यात्रा निकालना एवं सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर होर्डिंग आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान में आमजन की सहभागिता हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक वार्ड व बूथ पर प्रभात फेरी आदि के माध्यम से जन जागरण करना 13 से 15 अगस्त के बीच






में सभी परिवारों में तिरंगा झंडा लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा झंडारोहण परिवार के सबसे कनिष्ठ सदस्य द्वारा कराया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री इंजीनियर ओम वर्मा ने किया बैठक में प्रमुख रूप से संडीला विधायक अलका अर्कवंशी एमएलसी अवनीश सिंह अशोक अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र राम बहादुर सिंह राम किशोर गुप्ता गुड्डू नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर अनुराग मिश्र दिनेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष एस पी मौर्या संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह विनोद राठौर श्रवण कनौजिया,जिला महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला बागीश सिंह मीना वर्मा जय देवी राजपूत कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी कार्यालय मंत्री अतुल सिंह अभिषेक ठाकुर सत्यम शुक्ला सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख गण मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी गण मौजूद रहे।

## योगी सरकार में जगदेयी को पड़े भोजन के लाले

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : सोशल ऑडिट टीम सरकार द्वारा कराए गए कारों का भौतिक सत्यापन करती है तथा जनता को बताती है कि इस ग्राम पंचायत में यह कतिपय कार्य किए गए है।अब अत न्यूज चौनल की टीम ने भी सोशल ऑडिट टीम से संपर्क किया। सोशल ऑडिट टीम के बी आर पी भानू प्रताप पांडे ने सोशल ऑडिट कर रहे संपूर्ण कार्य की सूची देने से मना किया। परन्तु मीडिया द्वारा आग्रह करने पर पांच आवास के नाम तथा कुछ मार्गो के नाम बताए। मार्ग बने हुए दिखे आवास अपात्रो को दिए गए ऐसा दिखा गया पात्र व्यक्ति आवास से वंचित हैं। जबकि डबल इंजन की सरकार सभी को छत देने का वादा कर रही है। छत तो छत मुलायम पुर की लगभग नब्बे वर्ष की बूढ़ी मां जगदेयी पत्नी पुत्तू लाल आवास की छत क्या भोजन से भी छत –विक्षत दिख रही हैं। जिस प्रदेश में सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए वहां पर मुलायम पुर के कोटेदार जगदेयी को एक दाना राशन भी नहीं देते। सरकारी योजना के नाम पर जगदेयी को उनकी जिंदगी के 90 वर्षों में भी कोई लाभ नहीं हो सका है। धंयवाद के पात्र वहां के एडीओ पंचायत रामपाल वर्मा अवश्य हैं उन्होंने कहा कल ही जगदीश को कोटेदार से राशन दिलाता हूं। जगदेयी से पुनः संपर्क नहीं हो सका कि उन्हे राशन प्राप्त हो सका है या नही। यह नहीं कहा जा सकता। वही



मुलायम पुर के ही निवासी भजददद्वार ने बताया उनको भी अभी तक सरकार द्वारा किसी भी योजना लाभ प्राप्त नही हुआ है। पुष्पा देवी के पति रिक्शा चला कर जीवन यापन करते हैं।ईश्वर की कृपा से उन्हे राशन कार्ड तो अवश्य मिल गया है। परंतु आवास के नाम पर एक छत अभी भी उनको नहीं प्राप्त हो सकी है। उमेश कुमार को भी मात्र राशन से ही संतोष करना पड़ रहा है। आवास के नाम पर उनको भी एक छत मुहैया नहीं हो सकी है। वेवा सुनीता देवी पत्नी पप्पू को भी रहने हेतु घर नहीं मिल सका है। वहीं पर दिलीप पुत्र राजेश को आवास मिला जिसका उपयोग दिलीप आवास हेतु करते ही नहीं। क्योंकि उनके पिता राजेश को भी आवास दिया गया था उसी मे उन्हीं के साथ दिलीप भी निवास करते हैं।इनके आवास में शौचालय नहीं बनाया गया है।बाहर ही शौच जाते हैं। तथा अपने पिता के साथ रहते हैं।

## सावन के दूसरे सोमवार पर हजारों श्रद्धालुओं ने बम–बम भोले के उदघोष के साथ किया जलाभिषेक

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) सावन के दूसरे सोमवार जिले के सभी शिव मंदिरों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। ऐतिहासिक संकट हरण बना मंदिर, सकाहा में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ रही। अभी भी श्रद्धालुओं की जलाभिषेक के लिए कतार में लगे हुए हैं। श्रावण मास के दूसरे सोमवार से पूर्व रविवार की देर रात्रि से ही शिवालयों में उद्घोष के साथ बाहर श्रद्धालु लाइन में लग गए। शिव भक्तों की लंबी कतार लग गई। बूढ़े, जवान, महिला एवं बच्चों को अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से भी मंदिर परिसर और उसके आसपास पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सिद्धनाथ बाबा मंदिर हुसेनापुर धौकल के पुजारी महात्मा शांतानंद ने बताया कि सावन का महीना भोलेनाथ की आराधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। खासतौर से सावन के सोमवार को भोलेनाथ की आराधना करना और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का बड़ा महत्व माना गया है। आज सावन का दूसरा सोमवार पर अमृत योग बना हुआ है और पूरे दिन ध्रुव योग रहेगा। इस दौरान भोलेनाथ की आराधना करना बेहद ही शुभ माना जाता है। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि जिस तरह शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर में आकर भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए जलाभिषेक करते हैं। बताया कि हमारे शास्त्रों में भी इसका जिक्र किया गया है कि जो लोग सावन




के महीने में भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए शिवालय में जलाभिषेक करते हैं, भगवान भोलेनाथ उन पर अपनी असीम कृपा बरसाते हैं। ठीक उसी तरह सावन के सोमवार के महत्व को ध्यान में रखते हुए शिव भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार 2 साल के अंतराल के बाद शिव भक्तों को मंदिर में भोलेनाथ की आराधना और जलाभिषेक करने का अवसर मिला है। इस बार शिव भक्तों की ज्यादा भीड़ है। इसे ध्यान में रखते हुए शिव सत्संग मण्डल की तरफ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है।आज सोमवार को हर तरफ हर हर बम बम का जयघोष हो रहा है।

## ब्लड प्रेशर छीन रहा आंखों की रोशनी, इन महिलाओं को है ज्यादा खतरा

गोरखपुर ब्यूरो : ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) आंखों की रोशनी छीन रहा है। सबसे अधिक खतरा गर्भवती महिलाओं को है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में प्रति माह ऐसे चार से पांच मरीज आ रहे हैं।सही समय पर आने वाले मरीजों की आंखों की रोशनी बचाई गई है, जबकि इलाज में देरी की वजह से कई मरीज दोनों आंखों की रोशनी गंवा चुके हैं। डॉक्टरों की भाषा में इस बीमारी को प्रीक्लैंप्सिया (प्रेग्नेंसी मैक्यूलर एडिमा) कहा जाता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि गर्भवती महिलाएं, नियमित बीपी जांच कराती रहें।बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राम कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रेग्नेंसी मैक्यूलर एडिमा, गर्भवतियों को बीपी की वजह से होता है। बीपी हाई होने पर गर्भवतियों को दौरे भी पड़ने लगते हैं। ऐसी स्थिति में आंखों की नसों में सूजन आ जाती है। नसें, रक्त के अधिक स्राव की वजह से फट जाती हैं। इसके बाद अचानक दोनों आंखों की रोशनी चली जाती है।उन्होंने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले की रहने वाली उषा नाम की महिला आठ माह के गर्भ से थी। अचानक दर्द होने पर परिजन मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में ले आए, जहां पर डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि हाई बीपी है। हाई बीपी की वजह से अचानक आंखों से खून आ गया और दोनों आंखों से दिखना बंद हो गया। जांच के बाद पता चला कि बीपी के कारण प्रीक्लैंप्सिया हैं। इस दौरान दोनों आंखों में इंजेक्शन लगाया गया और धीरे–धीरे महिला की रोशनी वापस आ गई।



डॉ. राम कुमार ने बताया कि प्रीक्लैंप्सिया एक गंभीर बीमारी है। इस स्थिति में मां और बच्चे की जान को भी खतरा रहता है।बीपी के मरीजों को भी खतरा डॉ. राम कुमार ने बताया कि यह खतरा केवल गर्भवतियों को ही नहीं है, बल्कि बीपी के मरीजों को भी यह बीमारी हो सकती है। जिन मरीजों को शुगर के साथ बीपी है, उन्हें तो हर दो से तीन माह पर आंखों की जांच कराते रहना चाहिए। ऐसा न करने पर उनके आंखों की रोशनी कभी भी जा सकती है। प्रसव के दौरान बीपी का नियंत्रण सबसे अहम बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. वाणी आदित्य ने बताया कि प्रसव के दौरान बीपी का नियंत्रण सबसे अहम है। अगर बीपी नियंत्रित नहीं है, तो सामान्य और सिजेरियन प्रसव नहीं कराया जाता। हाई बीपी की वजह से गर्भवतियों को प्रीक्लैंप्सिया के साथ, शरीर के अन्य हिस्सों से भी खून आ जाता है। इसके अलावा गर्भ में पल रहे बच्चे के मष्तिस्क पर भी इसका दुष्प्रभाव दिखता है। यही वजह है कि सलाह दी जाती है कि बीपी और शुगर की जांच समय–समय पर गर्भवती जरूर कराएं।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा गोद लिए पेशेंट को पौष्टिक आहार किट वितरण एवं जागरूकता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर कार्यालय पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा गोद लिए क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने किया । टीवी हॉस्पिटल के एसटीएस नवीन कुमार सिंह ने कहा कि टीवी के किसी भी लक्षण वाले व्यक्ति की बलगम की एक खाली पेट तथा एक 6 घंटे के अंतराल पर दूसरे नमूने की माइक्रोस्कोप से जांच करते हैं । जांच में माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस होने पर उसका इलाज शुरू करते हैं। टीवी की जांच व इलाज सरकारी अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध है। डीपीसी सलिल कुमार यादव ने कहा कि डीआर टीवी से ग्रसित मरीज के खांसने व थूकने से उसके जीवाणु से दूसरे व्यक्ति को भी डीआरटीवी हो जाती है इससे समाज मे ड़ीआर टीवी तेजी से फैल सकती है ।मरीज को डॉक्टर की सलाह के अनुसार पूरा कोर्स अवश्य करना चाहिए



बीच–बीच में इलाज नहीं छोड़ना चाहिए ऐसा करने पर मरीज की हालत खतरनाक हो सकती है तथा ज्यादा बिगड़ सकती है। निक्षय पोषण योजना में मरीजों के खाते में डायरेक्ट पैसा भेजा जा रहा है। उक्त अवसर पर प्रवक्ता सुबाष कुमार चौधरी मनीष सोनी अतुल कुमार श्रीवास्तव प्रवेश कुमार मौर्य सुरेश शुक्ला रंजना शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार दीपक श्रीवास्तव विश्वजीत मोहम्मद समीर शकुंतला देवी इत्यादि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे । संस्था सचिवं पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय संजय उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का आभारव्यक्त किया।

# चाकू के नोख पर बदमाशों ने मोबाइल के दुकानदार से किया लूटपाट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के तहरपुर(परियावां )गांव के समीप बीती रात बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल के दुकानदार से चाकू के नोख पर दुकानदार से जमकर किया लूट–पाट व मारपीट इस प्रकार की घटना की सूचना दुकानदार ने पुलिस को दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के धनेजा गांव निवासी अभिषेक चौहान पुत्र मनोज चौहान की कजगांव नई बाजार चौराहे के पास मोबाइल की दुकान है दुकानदार प्रति–दिन की भांति बीती रात को मोबाइल की दुकान बन्द करके अपने घर जा रहा था कि जैसे ही दुकानदार अपनी मोटर साइकिल से तहरपुर(परियावां)गांव के समीप पहुंचा था कि अचानक बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश मुंह बाध कर आ गये और दुकानदार को चाकू दिखाकर रोक लिए तथा दुकानदार को जमकर मारने–पीटने लगे तथा दुकानदार का मोबाइल व जेब में रखा रुपयों का पर्स भी छीन लिया व दुकानदार की मोटर साइकिल भी बदमाशों ने छीन लिया था लेकिन बदमाश जब मोटर साइकिल लेकर भागना चाहा तो दुकानदार ने अपनी जान की बाजी लगाते हुए अपने मोटर साइकिल को पीछे से पकड़ कर लटक गया और बदमाश मोटर साइकिल लेकर बगल के खेत में गिर पड़ा मोटर साइकिल गिरते ही बदमाश मौके से दुकानदार की गाड़ी छोड़ते हुये दुकानदार की मोबाइल व पर्स लेकर मौके से फरार हो गये दुकानदार इस प्रकार की घटना की सूचना लाइन बाजार पुलिस को दिया सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी इस प्रकार की घटना से क्षेत्रवासियों में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त है तथा दूसरी तरफ स्थानीय दुकानदारों में इस प्रकार की घटना से दहशत का माहौल भी बना हुआ है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर का शपथ ग्रहण समारोह बीआरपी इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर के जिला इकाई के अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बीआरपी इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि आभाकाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव , राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ,पूर्वी संभाग के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री श्यामचन्द्र श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकेश सहारा रहे। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ मुकेश श्रीवास्तव एवं अतिथि गणों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके गायक पंकज श्रीवास्तव व शैली गगन जी द्वारा चित्रगुप्त जी के आरती करके किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष निलमडी श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला अध्यक्ष निलमडी श्रीवास्तव एवं समस्त पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण कराया गया तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारि अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ को एकजुट होने की आवश्यकता हैं हम राजनैतिक रूप से पीछे होते चले जा रहे हैं आर्थिक रूप से भी कमजोर होते जा रहे हैं नौकरी जी एकमात्र जीविका रही है अब उसमें भी हम पीछे होते चले जा रहे हैं राजनीतिक क्षेत्र में भी कोई भी दल हमको पूछने वाला नहीं है आज जरूरत है कि हम एक होकर एक ताकत बने और अपने समाज का उत्थान कर सकें। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने डॉक्टर इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा संगठन 22 स्टेट में काम कर रहा है मैं पूरे प्रदेश का भ्रमण कर का समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा हूं हमारे पूर्वजों ने देश में अपनी विरासत दी है चाहे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी रहे हो या प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी रहे हो आज भी उनकी ईमानदारी की लोग कसमें खाते हैं आध्यात्मिक क्षेत्र में अगर यदि किसी का नाम आता है तो तो स्वामी विवेकानंद जी को हम नहीं भुला सकते उनसे बड़ा विद्वान पुरुष धरती के नहीं था। मात्र 19 साल की आयु में अपने प्राणों की आहुति देने वाला शहीद खुदीराम बोस को हम कभी भुला नहीं सकते हैं जिन्होंने देश के लिए हंसते–हंसते अपनी प्राण देदी। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ,पूर्वी संभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकेश सहारा, प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव, कायस्थ कल्याण समिति के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव ,प्रदीप अस्थाना ,महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजना श्रीवास्तव, जिला महामंत्री भाजपा अमित श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शपथ ग्रहण समारोह में आए हुए लोगों का आभार कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव साधु एवं प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शरस श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, यस सी लाल, अजय श्रीवास्तव पूर्व जिला जज, डॉ संजय श्रीवास्तव, राजन स्वरूप वर्मा , सुनील अस्थाना, रघुवंश सहाय, राज कपूर श्रीवास्तव , राजेश श्रीवास्तव बाँटा , श्रीकांत श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव , दयाल शरण श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, प्रदीप श्रीवास्तव आडीटर, सुनील श्रीवास्तव पत्रकार, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट , डॉ प्रदीप श्रीवास्तव , धीरज श्रीवास्तव कांट्रैक्टर , गौरव श्रीवास्तव , विकास अस्थाना, अमूल्य श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव युवा जिलाध्यक्ष,



आलोक वर्मा , अजय श्रीवास्तव, तुषार श्रीवास्तव , अखिलेश श्रीवास्तव पालू, अनूप श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव व अनिल श्रीवास्तव बबलू जी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन नवनीत जिला महामंत्री सुरेश अस्थाना द्वारा किया गयाजौनपुर ।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर के जिला इकाई के अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बीआरपी इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि आभाकाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव जी व विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव जी, राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ,पूर्वी संभाग के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री श्यामचन्द्र श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकेश सहारा जी रहे। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ मुकेश श्रीवास्तव जी एवं अतिथि गणों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके गायक पंकज श्रीवास्तव व शैली गगन जी द्वारा चित्रगुप्त जी के आरती करके किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष निलमडी श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला अध्यक्ष निलमडी श्रीवास्तव एवं समस्त पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण कराया गया तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारि अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ को एकजुट होने की आवश्यकता हैं हम राजनैतिक रूप से पीछे होते चले जा रहे हैं आर्थिक रूप से भी कमजोर होते जा रहे हैं नौकरी जी एकमात्र जीविका रही है अब उसमें भी हम पीछे होते चले जा रहे हैं राजनीतिक क्षेत्र में भी कोई भी दल हमको पूछने वाला नहीं है आज जरूरत है कि हम एक होकर एक ताकत बने और अपने समाज का उत्थान कर सकें। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने डॉक्टर इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा संगठन 22 स्टेट में काम कर रहा है मैं पूरे प्रदेश का भ्रमण कर का समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा हूं हमारे पूर्वजों ने देश में अपनी विरासत दी है चाहे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी रहे हो या प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी रहे हो आज भी उनकी ईमानदारी की लोग कसमें खाते हैं आध्यात्मिक क्षेत्र में अगर यदि किसी का नाम आता है तो तो स्वामी विवेकानंद जी को हम नहीं भुला सकते उनसे बड़ा विद्वान पुरुष धरती के नहीं था। मात्र 19 साल की आयु में अपने प्राणों की आहुति देने वाला शहीद खुदीराम बोस को हम कभी भुला नहीं सकते हैं जिन्होंने देश के लिए हंसते–हंसते अपनी प्राण देदी। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ,पूर्वी संभाग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकेश सहारा, प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव, कायस्थ कल्याण समिति के संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव ,प्रदीप अस्थाना ,महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजना श्रीवास्तव, जिला महामंत्री भाजपा अमित श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शपथ ग्रहण समारोह में आए हुए लोगों का आभार कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव साधु एवं प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शरस श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, यस सी लाल, अजय श्रीवास्तव पूर्व जिला जज, डॉ संजय श्रीवास्तव, राजन स्वरूप वर्मा , सुनील अस्थाना, रघुवंश सहाय, राज कपूर श्रीवास्तव , राजेश श्रीवास्तव बाँटा , श्रीकांत श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव , दयाल शरण श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, प्रदीप श्रीवास्तव आडीटर, सुनील श्रीवास्तव पत्रकार, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट , डॉ प्रदीप श्रीवास्तव , धीरज श्रीवास्तव कांट्रैक्टर , गौरव श्रीवास्तव , विकास अस्थाना, अमूल्य श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव युवा जिलाध्यक्ष, आलोक वर्मा , अजय श्रीवास्तव, तुषार श्रीवास्तव , अखिलेश श्रीवास्तव पालू, अनूप श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव व अनिल श्रीवास्तव बबलू जी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेश अस्थाना द्वारा किया गया।

# भारत भूमि शहीदों की सदा रहेगी ऋणी– प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत धनियामऊ शहीद स्तंभ पहुँचकर कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने शहीदों को नमन किया और उनके परिवारजनों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को शहीद स्तम्भ पर अंकित शहीद जमींदार सिंह,राम अधार , राम पदारथ , रघुराई चौहान, राम निहोर कहार और रामानंद चौहान के बारे में अंकित परिचय और वीरता की गाथा को सुनाया।देश भक्ति के नारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। शहीद स्तम्भ परिसर में आयोजित शहीद नमन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आज हम शहीदों के कारण खुली हवा में साँस ले रहे है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी एक दिन में नहीं मिली थी लम्बे समय तक सभी ने भेदभाव से दूर एकजुट होकर यह लड़ाई लड़ी थी. उन्होंने १६४२ के आन्दोलन की चर्चा करते हुए धनियामऊ पुल काण्ड के शहीदों को नमन किया। कहा कि यह धरती इन वीर सपूतों की सदा ऋणी रहेगी। यह स्मारक युगों– युगों तक इन शहीदों की वीर गाथाओं को लोगों से परिचित कराता रहेगा। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं कुलसचिव महेंद्र कुमार, शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. राहुल सिंह ने अपने संबोधन में शहीदों को नमन किया। शहीद स्मारक स्थल पर भोलानाथ मिश्र महाविद्यालय, सल्तनत बहादुर पीजी कालेज,माँ गुजराती महाविद्यालय



, धर्मा देवी महाविद्यालय, विद्याधर तिवारी महाविद्यालय, गौरीशंकर महाविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। कुलपति ने वहां उपस्थित रामानंद चौहान, रघुराई चौहान के पौत्र और बहू एवं शहीद जमींदार सिंह के प्रपौत्र डॉ. प्रभात विक्रम सिंह को सम्मानित किया. धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव एवं संचालन हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर अमृत महोत्सव ने नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह, प्रो. एस पी सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, राम कृपाल यादव, डॉ. लीना सिंह, डॉ. इन्द्रभान यादव, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. सुशील यादव, डॉ. दिव्येंदु मिश्र, डॉ. महेंद्र सिंह समेत क्षेत्रीय तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अखंड भारत के निर्माण का लेना है संकल्प– अजय पांडेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राम जानकी मठ गूलर घाट के प्रांगण में अंतरारास्त्रीय हिंदू परिषदध्राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता राकेश श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष अहिप ने किया संचालन चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक कियाखंड भारत कार्यक्रम योजना को बताने



के लिए संजय दूबे प्रांतीय सह संगठन मंत्री व राजेश शुक्ला प्रांतीय अध्यक्ष सेवा निवृत सेना परिषद,उपस्थित रहे।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ने अपने संबोधन में बताया की 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 14 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि भारत वर्ष का एक और विभाजन हुआ देश एक बार पुनः टूटा । सत्रह बार मुगल आक्रांताओं ने और सात बार फिरंगियों ने देश को लूटने,तोड़ने व बांटने का कार्य किया है। आज आवश्यकता है प्रत्येक भारतवासी को अखंड भारत के निर्माण का संकल्प लेने की ।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के नेतृत्व में संगठन संपूर्ण देश में अभियान चलाकर अखंड भारत के कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।इसी क्रम में जनपद जौनपुर के प्रत्येक ब्लाक तहसील तथा मुख्यालय पर भी अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी तादाद में लोगों का जन जागरण किया जाएगा। अपनी स्थापना के विगत 4 वर्ष पूर्व से ही अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के देशभर में कार्यरत लाखों कार्यकर्ता डॉ प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में लगातार जन जागरण का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण तथा काशी का ज्ञानवापी प्रकरण मैं हिंदुओं के पक्ष में फैसला उन्हीं आंदोलनों तथा जन जागरण का प्रयास है। केरल के सबरीमला का प्रकरण हो,देश में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला या फिर जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की बात सभी मुद्दों पर संगठन कार्य कर रहा है।इसी क्रम में वक्ताओं ने संबोधन दिया। बैठक में अवधेश बरनवाल,विवेक गुप्ता, रमेश मिश्र,राहुल प्रजापति,विवेक उपाध्याय,रामप्रिति मिश्र, गोविंद गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी ब कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# आप सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी –गिरीश चंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेहरावां में रविवार को लगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने उद्घाटन किया। उन्होंने मेले में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। एक्स–रे मशीन, लैब, फिजीशियन, सर्जन, महिला रोग, नेत्र रोग, दांत के विशेषज्ञ डॉक्टर सुविधा जरूरी है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ रमेश चंद्रा तथा मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ विवेकानंद कुशवाहा को सीएचसी परिसर से हुए जलभराव को सही कराने, गड्ढों का समतलीकरण करवाने, परिसर की साफ–सफाई करवाने तथा बिजली–पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएचसी की व्यवस्था में और सुधार करने के लिए कहा। अल्ट्रासाउंड, एक्स–रे मशीन और जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि यहां पर मानव संसाधन की कमी है जिसके लिए मांग की गई है। मिलते ही यह सुविधाएं जनता को उपलब्ध करा दी जायेंगी। अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ ने जेई से इस्टीमेट बनाकर भेजने को कहा ताकि उसे शासन को भेजा जा सके। मेले में कोविड जांच, कोविड टीकाकरण, परिवार नियोजन के काउंटर लगे हुए थे जिसका मुख्य अतिथि के साथ सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्य अतिथि ने मेले में आए लाभार्थियों से पूछा कि आपने डॉक्टर को दिखाया कि नहीं? आपको दवा मिली कि नहीं? जिस किसी





मरीज को दिक्कत हुई वह स्वयं ही उसे बता रहे थे कि फलां जगह आपको ऐसी सुविधा मिल जाएगी। मुख्य अतिथि के पहुंचने तक मेले में 61 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था। आंख, हड्डी के डॉक्टर, फिजीशियन, सभी जांचों की सुविधा थी। आयुष्मान कार्ड, टीबी एवं कुष्ठ रोग के स्टाल लगे थे जहां इसके बारे में जानकारी दी जा रही थी। मुख्य अतिथि ने इस मौके पर अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया। 3,028 का पंजीकरण रू मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला में रविवार को जनपदभर में कुल 3,028 रोगियों का पंजीकरण हुआ। इसमें से 1,213 पुरुष तथा 1,431 महिला रोगी थे। 384 बच्चे थे। मेले में कुल 481 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 1,830 लोगों की कोविड, 140 की आखों की, 151 लोगों के बुखार की, 51 की मलेरिया की, 100 लोगों के लीवर की, 180 लोगों की सांस संबंधी रोग की, 301 गैस्ट्रो, 294 मधुमेह, 380 त्वचा, 14 क्षयरोग संभावित, 46 लोगों में एनीमिया, 113 लोगों में उच्च रक्तचाप, 112 की प्रसव पूर्व जांच तथा 937 अन्य रोगों के मरीजों की जांच हुई।

# प्रबंधन के लिए व्यक्तित्व विकास जरूरी : अभय ओझा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के व्यवसाय प्रबंध विभाग द्वारा 'कुशल प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास ' शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया स कार्यशाला के मुख्य वक्ता लंदन डिलाइट कंपनी के वरिष्ठ सोल्यूशन मैनेजर अभय कुमार ओझा ने व्यक्तित्व के विकास के लिए नये आयामों के बारे में बताया स उन्होंने कहा कि कभी अपनी असफलता को अपने पीछे जाने का कारण ना बनाए, बल्कि अपनी असफलता से सिखने का प्रयास करें ताकि आप



अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सके। श्री ओझा ने ये भी बताया कि कभी भी अपनी जिम्मेदारी से भागना नहीं चाहिए एवं जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। श्री ओझा ने अपने जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण उदहारण देते हुए बताया कि कभी भी अपनी असफलता से निराश नहीं होना चाहिए। पब्लिक स्पीकिंग, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, टैक्टफुल डिसिशन मेकिंग, क्राउड मैनेजमेंट आदि के बारे में उन्होंने जैव उदाहरण प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. शहाबुद्दीन ने बताया कि रणनीति हमेशा ऐसी होनी चाहिए ताकि सभी हित धारकों का फायदा हो सके। इस युग के प्रबंधको को अपनी कंपनी के सफलता के अलावा अपने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ मुराद अली ने श्री ओझा जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन एमबीए छात्र आदर्श सिंह ने किया। उक्त कार्य क्रम में प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, प्राकुर शुक्ला, राजेश कुमार, उद्देश्य सिंह, दिव्यांशु सिंह,मोहम्मद हुजाईफा , शिवांगी श्रीवास्तव, शोमिल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# थाना सुरेरी पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाईकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना सुरेरी जौनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 25.07.2022 को समय 08.15 बजे सुल्तानपुर बाजार से चोरी की 01 मोटरसाईकिल पैसन प्रो रंग काला नं0 न्व्62 ।ल 3331 के साथ एक नफर अभि0 शादाब पुत्र आफताब निवासी अतरौरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 85/22 धारा 411/414 भादवि पंजीकृत कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.शादाब पुत्र आफताब निवासी अतरौरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 85/22 धारा 411/414 भादवि थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2.




मु0अ0सं0 171/21 धारा 401 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 172/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 अजय कुमार शर्मा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 3. का0 सन्तोष यादव,का0 सुधीर यादव, का0 अजय कुमार थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

# एक लाख का इनामी विष्णु मिश्र गिरफ्तार : दो साल से चल रहा था फरार

भदोही ब्यूरो : पूर्व विधायक विजय मिश्र का फरार चल रहा पुत्र विष्णु मिश्र आखिरकार वाराणसी एसटीएफ की गिरफ्त में आ ही गया। वह सामूहिक दुष्कर्म और रिश्तेदार की संपत्ति हड़पने सहित कई मामलों में आरोपी है और करीब दो साल से फरार चल रहा था। विष्णु मिश्र विदेश न भागने पाए इसलिए लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था। विष्णु की बहन रीमा पांडे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अपने भाई की जान को खतरा बताया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक विजय मिश्र के रिश्तेदार गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र कौलापुर निवासी कृष्णमोहन तिवारी ने गोपीगंज थाने में तहरीर देकर विजय मिश्र, उनकी पत्नी एवं तत्कालीन एमएलसी रामलली मिश्रा व विजय मिश्र के पुत्र विष्णु मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया था। उसी साल सितंबर में वाराणसी की एक गायिका ने पूर्व विधायक, उनके पुत्र विष्णु मिश्र व पौत्र विकास मिश्र पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद तत्कालीन विधायक विजय मिश्र को मध्य प्रदेश की आगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बाद में विकास भी गिरफ्तार हो गया, लेकिन विष्णु फरारी काटता रहा। सात माह पहले पुलिस के हाथ आते-आते रह गया था विष्णु उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया। इसके बावजूद गिरफ्तारी न होने पर इनाम की धनराशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई। गत 22 जुलाई को इनाम की राशि एडीजी जोन वाराणसी ने बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। करीब सात माह पहले गोपीगंज थाना क्षेत्र में उसके होने की सूचना मिली थी। उस समय भी एसटीएफ ने छापा मारा



था। हालांकि तब विष्णु भाग गया, मौके से उसका एक साथी गिरफ्तार हुआ था। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक विजय मिश्र आगरा जेल में हैं, लेकिन उनका बेटा पुलिस को चकमा देता रहा। ऐसे में यह आशंका थी कि कहीं वह विदेश न भाग जाए। इसलिए लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था। पांच माह पहले वायरल वीडियो में दिखा था विष्णु करीब पांच माह पहले विष्णु का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह मुंबई के एक होटल से निकलते हुए दिखा था। एक दिन पहले ही अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी ने उस पर इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी थी। उसका ट्रांजिट रिमांड लेकर आज एसटीएफ की टीम रवाना होगी। विष्णु की अधिवक्ता बहन ने सीएम योगी को लिखा पत्र विजय मिश्र की अधिवक्ता बेटी रीमा पांडेय ने भी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि पुणे के हडपसर पुलिस स्टेशन क्षेत्र से विष्णु की गिरफ्तारी की गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। रीमा पांडे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपने भाई विष्णु मिश्र की जान को खतरा बताया है। कहा है कि विष्णु मिश्र को रविवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे पुणे में एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। भाई की जान को खतरा है। यूपी पुलिस व एसटीएफ एनकाउंटर कर सकती है। रीमा ने कोई गैर कानूनी सामग्री पुलिस द्वारा दिखाए जाने की भी आशंका जताई है। उन्होंने सीएम से मांग की कि विष्णु मिश्र को सही सलामत यूपी लाया जाए।

# सामाजिक लोगों एवं आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा घाट की सफाई एवं तिरंगा शाखा का कार्य संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद जौनपुर के गोपी घाट पर रविवार के दिन सुबह में लगभग 7 बजे जनपद के सामाजिक लोगों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया जिसमें प्रमुख रूप से उन सामाजिक लोगों के सफाई अभियान कार्य में आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकर्त्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा इस कार्य का सहयोग किया गया। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गोपी घाट पर पहुंचे और वहाँ पर घाट के सफाई अभियान का पूर्ण सहयोग किए। एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा के उपस्थिति में तिरंगा शाखा लगाया गया । जिसके पश्चात गोपी घाट की सफाई एवं गोमती नदी के पास गंदगी की सफाई जनपद के सामाजिक लोगों एवं आम आदमी पार्टी एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। और फिर देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों के बारे में भी चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा भी अपने महिला कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई। इस कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्ण सामाजिक लोगों एवं आम आदमी पार्टी, कार्यकर्ताओं द्वारा घाट की की गई सफाई जौनपुर – जनपद जौनपुर के गोपी घाट पर रविवार के दिन दिन में लगभग 7 बजे जनपद के सामाजिक लोगों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया जिसमें प्रमुख रूप से उन सामाजिक लोगों के सफाई अभियान कार्य में आम आदमी पार्टी जौनपुर के कार्यकर्त्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा इस कार्य का सहयोग किया गया। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गोपी घाट पर पहुंचे और वहाँ पर घाट के सफाई अभियान का पूर्ण सहयोग किए एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा के उपस्थिति में तिरंगा शाखा लगाया गया । जिसके पश्चात गोपी घाट की सफाई एवं गोमती नदी के पास गंदगी की सफाई जनपद के सामाजिक लोगों एवं आम आदमी पार्टी एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। और फिर देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों के बारे में भी चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा भी अपने महिला कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई। इस कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी,



अधिवक्ता प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, शत्रुघ्न सिंह सोनू ,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्या, पूर्व जिला सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भाई मनीष मनीष सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, दिलीप सिंह,बंटी अग्रहरि, विशाल यादव ,श्याम लाल पटेल, प्रेम शंकर पांडे, कमलेश गिरी, अवधेश, विजय, इस्लाम, आकाश केसरवानी, सुरेंद्र यादव, मुरली मनोहर, संजय पाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता मिश्रा,महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव पूनम सिंह, प्रिया पांडे, पूजा सिंह, संदीप चौहान, मोहम्मद मूवी एवं जफराबाद विधानसभा से समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित हुए।।प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, शत्रुघ्न सिंह सोनू ,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्या, पूर्व जिला सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भाई मनीष मनीष सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, दिलीप सिंह,बंटी अग्रहरि, विशाल यादव ,श्याम लाल पटेल, प्रेम शंकर पांडे, कमलेश गिरी, अवधेश, विजय, इस्लाम, आकाश केसरवानी, सुरेंद्र यादव, मुरली मनोहर, संजय पाल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता मिश्रा,महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव पूनम सिंह, प्रिया पांडे, पूजा सिंह, संदीप चौहान, मोहम्मद मूवी एवं 371 जफराबाद विधानसभा से समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित हुए।।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री गौरी शंकर धाम सुजानगंज का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा संयुक्त रुप से श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जनपद में स्थित श्री गौरी शंकर धाम, सुजानगंज का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं हेतु किये गये व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मंदिर पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगे पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर के प्रबंधक से श्रद्धालुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और पूछा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या तो नही है जिस पर प्रबंधक ने बताया यहा किसी प्रकार की समस्या नही है, जिलाधिकारी ने प्रांगण की नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिए और उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह को निर्देशित किया कि त्योहार के दृष्टिगत मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय और बिजली, पानी, मोबाइल शौचालय की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर के चारो तरफ जाकर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा मंदिर में दार्शनिकश्रद्धालुओ को आने जाने वाले किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्री गौरी शंकर धाम का दर्शन किये।

# राम की नगरी में भोले की बम बम : सावन के दूसरे सोमवार पर कांवड़ियों व शिव भक्तों से पटी रही अयोध्या

अयोध्या ब्यूरो : सावन के दूसरे सोमवार पर राम नगरी के शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई और जल भरकर नागेश्वरनाथ की ओर निकले तो श्रद्धा का चरम दिखाई पड़ा। भोर से उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन के पसीने छूट गए। प्रशासन ने अयोध्या में चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगा रखा है। सावन मास में राम नगरी शिव भक्ति में लीन है। सावन मास के दूसरे सोमवार पर बहुत भक्त शिवालयों में दर्शन पूजन के साथ–साथ अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन को उमड़ते रहे। शिव भक्ति के रस में डूबे कांवड़ियों का उल्लास घाट से लेकर मठ मंदिरों तक नजर आ रहा था। चारों ओर हर हर बम बम, हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। भक्तों का रेला सरयू में स्नान के बाद भोले की प्राचीन पीठ नागेश्वरनाथ में अभिषेक व पूजन के लिए



उमड़ पड़ा। इसके बाद भक्तों की टोली हनुमानगढ़ी सहित दानवाला के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए निकल पड़ी, पूरी अयोध्या केसरिया रंग में रंगी नजर आ रही है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आला अधिकारी स्वयं मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। सीसीटीवी से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग में किये गये अनियमित स्थानांतरण के विरोध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लखनऊ पर धरना देकर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में समूह ग के कर्मचारियों के किये गये अनियमित स्थानांतरण के विरोध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लखनऊ पर धरना देकर ज्ञापन मा0 मुख्यमंत्री जी को प्रेषित किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति 2022–23 के विरूद्व किये गये स्थानान्तरण को निरस्त करने की मांग करते हुए दिनांक 25 जुलाई 2022 को प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों पर धरनाध्प्रदर्शन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि कार्मिक द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के विपरीत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में पैरामेडिकल एवं अन्य सभी संवर्गो में व्यापक स्थानान्तरण किये गये हैं। विभाग द्वारा किये गये स्थानान्ताण में स्थानान्तरण नीति का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया गया है एवं स्थानान्तरण नीति के प्रस्तर–05 एवं 12 के विपरीत जाकर मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्षध्सचिव, दिव्यांग, दाम्पत्य नीति, गम्भीर बीमारी, दो वर्ष से कम सेवानिवृत्ति होने वाले, भिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का नियम विरूद्व स्थानान्तरण किया गया है। कर्मचारियों को जनपदध्मण्डल में कार्यकाल अवधि पूर्ण न होने पर भी उनका स्थानान्तरण कर दिया गया है। जनपदोंध्मण्डलों में अधिक समय से तैनात कार्मिकों का स्थानान्तरण ना करके कम समय से तैनात कार्मिकों का स्थानान्तरण कर दिया गया। स्वयं के अनुरोध पर ऑनलाइन स्थानांतरण में मेरिट को आधार नहीं बनाया गया व अनेकों दिव्यांग, दाम्पत्य नीति, गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों का स्थानांतरण अनुरोध के उपरान्त भी नहीं किया गया। अनेकों कार्मिकों द्वारा स्वयं के अनुरोध पर प्रथम विकल्प के पद रिक्त होने के बाद भी अन्य जनपदों में स्थानांतरण कर दिया गया है।दिनांक 16 जून 2022 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के तहत समूह ग एवं घ के कार्मिकों के पटलध्क्षेत्र परिवर्तन के निर्देश जारी किए गए। पटल परिवर्तन का स्पष्ट अर्थ है काउंटर परिवर्तन एवं क्षेत्र परिवर्तन फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होता है, जनपदों के अधिकारियों द्वारा पटल परिवर्तन के नाम पर कर्मचारियों का ट्रांसफर व आर्थिक शोषण किया गया एवं कर्मचारियों को एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 100 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थानांतरण कर दिया गया। जनपदों में एक स्थान पर 3 वर्ष से कम समय से कार्यरत कर्मचारियों के भी पटल परिवर्तन किए गए। अनेकों जनपदों में समूह ख के कर्मचारियों के पटल परिवर्तन कर दिए गए। तत्कालीन महानिदेशक से अनेकों अनुरोध के बाद भी महानिदेशालय द्वारा इस पर रोक नहीं लगाई गई। यहां तक सेवानिवृत्त व मृतक कर्मी का भी स्थानान्तरण कर दिया गया है। परिषद लखनऊ जनपद शाखा अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार का ध्यानाकर्षण के लिए दिनांक 14 जुलाई को महानिदेशालय पर धरना उसके बाद दिनांक 21 जुलाई से 24 जुलाई 2022 प्रदेश का समस्त कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य कर चुका है। अब परिषद का आन्दोलन गंभीर रूप ले चुका है। दिनांक 25 जुलाई 2022 को लखनऊ कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना/प्रदर्शन सम्पन्न हुआ और सरकार यदि नीति विरूद्व



स्थानान्तरण/पटल परिवर्तन निरस्त नही करती है तो 26 जुलाई से 30 जुलाई 2022 तक दो घण्टे कार्य बहिष्कार होगा। जिसमें निश्चित रूप से प्रदेश की स्वास्थ सेवाएं प्रभावित होगी और जनता को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।श्री शशि कुमार मिश्रा, महासचिव कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश ने कहा कि कोरोना वारियर्स के प्रति अपनाई गई नीति विरूद्ध कार्यवाही का संज्ञान मा0 मुख्यमंत्री जी ने लिया व कमेटी का गठन कर रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट प्रेषित हो चुकी है, उसपर शीघ्र निर्णय कर अपने स्तर से सम्बन्धित को समस्त नीति विरूद्ध स्थानान्तरण निरस्त करने के आदेश करे। मा० उपमुख्यमंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा ने स्थानान्तरण से पूर्व ही अपर मुख्य सचिव एवं महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को परिषद के अनुरोध पर स्पस्ट निर्देश जारी किये थे कि स्थानान्तरण नीति का पूर्णतः पालन कराया जाए परन्तु अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था बेपटरी न हों एवं विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से सरकार की छवि भी धूमिल न हो।परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत ने कहा कि स्थानांतरण नीति के विपरीत किए गए स्थानांतरण से चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के समस्त संवर्गों के कर्मचारियों में अत्यंत रोष व्याप्त है। शासन द्वारा स्थानांतरण किए जाने की अंतिम तिथि 30 जून 2022 निर्धारित की गई थी। परंतु स्थानांतरण सूचियां दिनांक 1 जुलाई को सायं काल के उपरांत एवं 2 जुलाई 2022 को जारी की गई। परिषद के वरि0 उपाध्यक्ष श्री गिरीश चन्द्र मिश्रा व डी0पी0ए0 के महामंत्री उमेश मिश्रा ने कहा कि विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति के विपरीत किए गए स्थानांतरण को महानिदेशालय स्तर द्वारा संशोधितध्निरस्त किया जाना चाहिए था। जिसका अनुरोध परिषद द्वारा अनेकों बार किया गया लेकिन कोई अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई एवं महानिदेशक द्वारा टालमटोल का रवैया अपनाते हुए एक ओर अपने स्तर से एक कमेटी गठित कर दी गई एवं दूसरी ओर दिनांक 4 जुलाई 2022 को जनपद के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को तत्काल एक तरफा रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए गए, जिससे पूरे प्रदेश में अफरा तफरी का माहौल है। जिससे चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। आज धरना की अध्यक्षता सुभाष श्रीवास्तव ने की धरना में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित हुये। धरना में प्रस्ताव रखा गया है कि दिनांक 26 जुलाई से 30 जुलाई तक दो घण्टे का कार्य बहिष्कार को सभी ने ध्वनिमत से पास किया व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित कर अनुरोध किया कि स्वास्थ्य विभाग में नियमविरूद्ध किये गये स्थानान्तरण को तत्काल निरस्त करने हेतु निर्देशित करें। जिससे कर्मचारी व सरकार के बीच सद्भाव का वातावरण बने रहे। प्रदेश के विकास को गती मिले। प्रेस वार्ता में डी0डी0 त्रिपाठी अध्यक्ष व राजीव तिवारी महामंत्री, डेन्टल हाइजनिस्ट एसो0, जी0 एम0 सिंह, अध्यक्ष आप्टोमेट्रिस्ट एसो0 उ0प्र0, अनिल चौधरी महामंत्री प्रोवेन्सियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो0 ,महामंत्री बी0 के0 सिंह महामंत्री प्रयोगशाला सहायक संघ उ0प्र0, आसीष पाण्डे, धनन्जय तिवारी, अध्यक्ष, बेसिक हेल्थ वर्कर एसो0 उ0प्र0, महामंत्री फारेस्ट फेडरेशन, राजेश कुमार चौधरी, मण्डलीय मंत्री, परिषद के संजय पाण्डेय, का0 सचिव अजय पाण्डेय मीडिया प्रभारी सुनील कुमार, एल0टी0 एसो0 के सचिव कमल श्रीवास्तव, सतीश यादव राजकीय कुष्ठ कर्मचारी संघ ,प्रदीप गंगवार, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे । जनपद जौनपुर में भी कर्मचारी नेताओं द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना आयोजित कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जनपद अध्यक्ष उपेंद्र सिंह व अन्य कर्मचारी नेताओं द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी जौनपुर के माध्यम से दिया गया।

# स्वीटी श्रीवास्तव ने आयोजित किया हरियाली तीज कार्यक्रम



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विकास नगर स्थित होटल Dreamy delicious 1/7 विकास नगर में सावन का एक मशहूर एवं प्रसिद्ध तीज कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की संस्थापक श्रीमती शैल सक्सेना नीलू जी , पूजा अग्रवाल , स्वीटी श्रीवास्तव द्वारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर महिलाये खूब मस्ती करती है। यह सभी महिलाये मेघना, नुपुर का योगदान रहा । इस पार्टी में गेम्स, गिफ्ट, खाने का मेन्यू सजावट व नये नये थीम के मुताबिक स्टाइलिश कपडे का प्रचलन होता है। यह पार्टी एक अलग तरह की पार्टी होती है । इस पार्टी के दौरान खूब मस्ती करती है।

# एलपीएस के तीन छात्र आईएससी परीक्षा भारत में दूसरे स्थान पर


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आई.एस.सी. की परीक्षा में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एलपीसी ए–ब्लॉक शाखा के आदित्य साहनी तथा




लखीमपुर–खीरी शाखा के निवेदित वर्मा व आर्यन शुक्ला ने 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एलपीसी ए–ब्लॉक शाखा के उत्कर्ष त्रिपाठी 99 प्रतिशत, अपूर्व कुमार पाण्डया, सुधांशु वर्मा ने 98.75 प्रतिशत व नेहा कुमारी 98.25 प्रतिशत तथा सहारा स्टेट्स शाखा के प्रणव दीक्षित ने 98 प्रतिशत, एलपीसी ए–ब्लॉक शाखा की अंजलि ने 97.75 प्रतिशत व हर्ष पाठक 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्थापक व महाप्रबन्धक डॉ. एस.पी. सिंह ने बच्चों, सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को पूरे मनोयोग से आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। बच्चे अपनी ऊर्जा कॅरियर व व्यक्तित्व निर्माण में लगायें।

# सावन के दूसरे सोमवार पर आज शुभ योग–नक्षत्रों का संगम

प्रयागराज ब्यूरो : सावन के दूसरे सोमवार पर शुभ योग– नक्षत्रों का अनूठा संगम होगा। प्रदोष के साथ इस बार का सोमवार शिवभक्तों के लिए बेहद खास होगा। इस बार सोम प्रदोष पर मृगशिरा नक्षत्र के साथ ध्रुव योग के संगम में शिवभक्त महादेव का जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में जहां भव्य सजावट की गई है, वहीं सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। दशाश्वमेध घाट से जलभर कर बड़ी संख्या में कांवड़िये बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए निकल पड़े हैं। रविवार को दशाश्वमेध घाट कांवड़िया भक्तों का हुजूम उमड़ने की वजह से शिवमय हो गई।दूसरा सोमवार मृगशिरा



नक्षत्र और शोभन योग में लग रहा है। यह नक्षत्र भोले भक्तों की हर कामना को पूरी करने वाला है। शिव मंदिरों में सावन के दूसरे जलाभिषेक की तैयारियों को रविवार को दिन भर अंतिम रूप दिया जाता रहा। यमुना तट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में अफसरों ने सुरक्षा इंतजामों के साथ ही तैयारियों के बारे में जानकारी ली। यहां पुरुष और महिला भक्तों के दर्शन के लिए अलग–अलग बैरिकेडिंग कराई गई है।मनकामेश्वर में सोमवार की भोर चार बजे मंगला आरती के साथ ही आम भक्तों के लिए पट खोल दिए जाएंगे। दिन के 11रू45 बजे भोग आरती होगी। इस दौरान महज 15 मिनट के लिए गर्भगृह में दर्शन रोका जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 से रात एक बजे तक श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक कर सकेंगे। रात 10 बजे आरती होगी। महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि सोमवार को मनकामेश्वर महादेव का रंग–बिरंगे फूलों और हरी पत्तियों से मोहक शृंगार होगा।इसमें रजत के मुखौटे के अलावा मोगरा, गुलाब, रजनीगंधा, बेला के फूलों से बाबा की झांकी सजाई जाएगी। इससे पहले मंदिर को भव्य सजा दिया गया है। उधर, अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कराई गई। पुजारी सोनू पुरी ने बताया कि सोमवार की रात को ही सोमेश्वर महादेव की शृंगार झांकी सजाई जाएगी। भोर में पांच बजे से ही दर्शन–पूजन आरंभ हो जाएगा।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।